तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

12 कोटगांव सरपंच के अविश्वास प्रस्ताव ...



13 मोखा में सेवा सेतु शिविर में 162 आवेदन, 21 का ...



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

खबर संक्षेप

राज्य स्तरीय अंडर 17 बालिका क्रिकेट स्पर्धा में कामिनी का चयन

बालोद। सारंगढ़ में 4 से 7 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंडर–17 बालिका



क्रिकेट टीम में शासकीय आदर्श कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बालोद की छात्रा कामिनी कोवाची का चयन हुआ है। कामिनी के चयन पर विद्यालय की प्राचार्य हेमलता गंगबेर, व्यायाम शिक्षक सूर्यकान्त सिन्हा ने कामिनी की मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास की सराहना करते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। कामिनी की इस उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं शाला विकास समिति ने हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई कि कामिनी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करेगी।

धमधा पुलिस ने 507 लोहे का कड़ा निकलवाया

भिलाई। बाजार ग्राउंड धमधा में गणेशोत्सव समिति धमधा द्वारा आयोजित जस झांकी परिवार, ग्राम पटपर झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों और जिलों से लगभग 6 से 7 हजार दर्शक पहुंचे। अपराधों की रोकथाम एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से धमधा पुलिस ने कार्यक्रम शुरू होने से ही सतर्कता बरती गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति को देखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत लगातार निगरानी रखी गई।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वृद्धजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने वृद्धजनों से आत्मीयता से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनके स्वास्थ्य, दैनिक जीवन और आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वृद्धजनों के साथ समय बिताते हुए उनके जीवन के अनुभवों, विचारों और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। वृद्धजनों ने भी अपने जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए और कार्यक्रम के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की। न्यायाधीश ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और मार्गदर्शन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

उन्होंने सभी से वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदना और सहयोग का भाव बनाए रखने का आह्वान किया। सभी ने वृद्धजनों के प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता व्यक्त करते हुए उनके सुखद, स्वस्थ एवं सम्मानजनक जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों को आवश्यक सहयोग, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य आवश्यक सेवाओं के प्रति आश्वस्त किया गया।



व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अधिकारियों ने वृद्धाश्रम में उपलब्ध व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और वृद्धजनों की सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर वृद्धजनों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया गया। श्रीमान ताजुद्दीन आसिफ, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.), भारती कुलदीप, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं ▶▶|शेष पेज 12 पर



आयोजन : कलेक्टर मिश्रा ने दिलाई स्वच्छता की शपथ और कहा स्वच्छता सभी की सामूहिक जिम्मेदारी

एक दिन, एक घंटा, एक साथ' थीम पर चला महाश्रमदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में जिले में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 'जल जन सेवा संकल्प 2026' एवं 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता तथा जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान '01 दिन, 01 घंटा, एक साथ' महाश्रमदान की थीम पर आस्था के प्रमुख केंद्र गंगा मैया मंदिर परिसर झलमला एवं



जीवनदायिनी तांदुला नहर क्षेत्र में सघन साफ–सफाई, कचरा संग्रहण और उसका समुचित निपटान कर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। 'जल जन सेवा संकल्प 2026' के तहत झलमला स्थित तांदुला नहर तट पर वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों द्वारा जल संरक्षण का संदेश देते हुए 'जे.एस.जे.बी. 3.0' (जल शक्ति अभियानः कैच द रेन) की भव्य मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। उल्लेखनीय है कि जल संरक्षण के क्षेत्र में बालोद जिले का पूर्व में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। 'जे.एस.जी.बी. 1.0' में राष्ट्रीय स्तर पर पूर्वीय जोन में बालोद जिले को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था, जिसके ▶▶|शेष पेज 12 पर

'स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है

'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026' के अंतर्गत गंगा मैया मंदिर झलमला के प्रांगण में विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रें को स्वच्छ बनाने के उपरांत उपस्थित ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं छात्र–छात्रओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।' उन्होंने कहा कि स्वस्थ और सुंदर बालोद के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिलेवासियों में स्वच्छता के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखना तथा जलस्रोतों के संरक्षण व संवर्धन को जन-आंदोलन का रूप देना है।

श्मशान के पास तंत्र-मंत्र करने का आरोप, 9 गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रनचिरई थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरातराई ग्राम में श्मशान के पास तंत्र–मंत्र कर रहे लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा जिसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। लोगो की माने तो पितृ पक्ष से पहले इस तरीके से श्मशान के पास तंत्र–मंत्र करना और एक–दूसरे का मुंडन करना तंत्र–मंत्र की साधना कर कुछ हासिल करना हो सकता है, बताया जा रहा है कि जिस जगह क्रिया की जा रही थी, उस जगह से नीबू समेत अन्य सामग्रियां बरामद की गई है। पूरे मामले में एडिशनल एसपी चन्द्रकान्त गवर्ना ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर 9 आरोपियों के खिलाफ थाना रनचिरई में मामला दर्ज कर गुण्डरदेही न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

- जोरातराई में ग्रामीणों ने पकड़ा, सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया



खबर संक्षेप



सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज में 70 छात्राओं ने लिया हिस्सा

बालोद। जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय, बालोद में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के तहत नवाचार जागरूकता एवं पंजीयन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में महाविद्यालय की 70 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला में छात्राओं को नवाचार की अवधारणा, इसकी आवश्यकता और समाज के लिए उपयोगिता के बारे में सरल तरीके से जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए नए और उपयोगी विचारों को नवाचार के रूप में विकसित किया जा सकता है। ऐसे विचार स्थानीय समस्याओं के व्यावहारिक समाधान तैयार करने में उपयोगी हो सकते हैं। कार्यशाला में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज में भाग लेने की प्रक्रिया, नवाचारात्मक विचारों के पंजीयन तथा प्रतियोगिता के माध्यम से मिलने वाले अवसरों की जानकारी दी गई। छात्राओं को अपने नए और उपयोगी विचारों का अधिक से अधिक पंजीयन कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

गंगा मैय्या प्रांगण में 120 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान



बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और कल्याण के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर झलमला स्थित गंगा मैय्या प्रांगण में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के लगभग 120 वरिष्ठ नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने वरिष्ठ नागरिकों से आशीर्वाद लिया और उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें छड़ी का वितरण किया गया। वहीं सुनने में कठिनाई वाले वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार 50 श्रवण यंत्र प्रदान किए गए।

5 और 6 अक्टूबर को 'सरकार आपके द्वार' की तर्ज पर लगेगा शिविर

बालोद। राज्य शासन द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत आम नागरिकों को शासकीय सुविधाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए 'सेवा सेतु शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के नवीन दिशा–निर्देशों के तहत नगरपालिका परिषद बालोद एवं नगरपालिका परिषद दल्लीराजहरा में आयोजित होने वाले शिविरों की तिथियों और स्थानों में संशोधन किया गया है। नये निर्देशों के तहत अब दोनों नगर पालिकाओं में न्यूनतम दो–दो शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ उनके घर के पास ही मिल सके। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 14 तक के लिए 05 अक्टूबर को नगर पालिका कार्यालय परिसर दल्लीराजहरा में शिविर आयोजित किया जाएगा।

निधन

तामेश्वरी तामुरिया

डौंडीलोहारा। समीप के ग्राम उरेटा निवासी श्रीमती तामेश्वरी तामुरिया धर्मपत्नी नरेश तामुरिया का निधन 30 सितंबर दिन बुधवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 1 अक्टूबर को किया गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। वे पुष्कर व लेहान की माता थी।

केविएट के बावजूद बिना सुनवाई स्थगन देने पर पंचों ने जताई आपत्ति

कोटगांव सरपंच के अविश्वास प्रस्ताव पर दो दिन में दो आदेश, आयुक्त ने स्थगन पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज:बालोद/सिकोसा



गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम पंचायत कोटगांव की सरपंच के खिलाफ मंगलवार को पारित अविश्वास प्रस्ताव के मामले में दो दिन में दो नया आदेश जारी हो गया है। बुधवार को सरपंच के



द्वारा अविश्वास प्रस्ताव के विरुद्ध अपर कलेक्टर न्यायालय बालोद में अपील दायर की गई थी। इस पर उन्हें स्थगन मिल गया था। वहीं गुरुवार को पंचों के द्वारा अपर कलेक्टर के उक्त आदेश के खिलाफ आयुक्त में अपील दायर की गई, जिसे न्याय संगत मानते हुए आयुक्त ने अपर कलेक्टर के आदेश पर स्थगनादेश दे दिया है। ग्राम पंचायत कोटगांव की सरपंच का अविश्वास प्रस्ताव मामला अब हाई प्रोफाइल बनते जा रहा है। 29 सितंबर को सम्मिलन के दौरान जो माहौल बना था उससे यह साफ जाहिर हो रहा था कि मामला इतनी जल्दी शांत होने वाला नहीं है। जैसा कि कयास लगाया जा रहा था कि अविश्वास प्रस्ताव के आदेश के खिलाफ सरपंच स्थगन आदेश ले सकती है। ऐसा हुआ भी, 30 सितंबर को सरपंच के द्वारा अपर कलेक्टर बालोद न्यायालय में अपील दायर की गई।

जिस पर सुनवाई करते हुए उन्हें अविश्वास प्रस्ताव के आदेश के क्रियान्वयन पर स्थगन आदेश दे दिया गया। इसके बाद गुरुवार को अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पंचों ने आयुक्त दुर्ग में अपील कर अपर कलेक्टर दुर्ग बालोद के स्थगन आदेश को गलत बताते हुए निरस्त करने की मांग की। इस पर सुनवाई करते हुए पंचों की दलील को न्याय संगत मानते हुए अपर कलेक्टर के आदेश पर स्थगन दे दिया।

आयुक्त दुर्ग को दिए गए आवेदन में आवेदक पंचों ने बताया कि अपर कलेक्टर बालोद में सरपंच के आवेदन पूर्व केवीयट दायर की गई थी, ताकि सरपंच के आवेदन में किसी प्रकार के आदेश देने के पहले पंचों को अपना पक्ष रखने का मौका मिले, लेकिन अपर कलेक्टर द्वारा केवीयट को नजरअंदाज करते हुए यह स्थगन आदेश दे दिया गया था। आयुक्त ने इस आपत्ति को सही माना कि जब केवीयट दायर किया गया था तो बिना सुनवाई के ऐसा आदेश नहीं दिया जा सकता। यही वजह है कि आयुक्त दुर्ग ने अपर कलेक्टर के आदेश पर तत्काल स्थगन दे दिया।

नीलिमा श्याम ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बीएसएनएल 4जी टेंडर जल्द कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



देश डिजिटल युग की ओर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन डौंडी विकासखंड के ग्राम भर्रीटोला (43) के ग्रामीण आज भी मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। गांव में मोबाइल टावर नहीं होने के कारण बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई, डिजिटल भुगतान, बैंकिंग, ऑनलाइन सरकारी सेवाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में संपर्क करने में परेशानी होती है। ग्रामीणों की समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने कलेक्टर बालोद से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने भर्रीटोला में प्रस्तावित बीएसएनएल 4जी मोबाइल टावर की टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू कराकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की मांग की। नीलिमा श्याम ने बताया कि टावर स्थापना के लिए आवश्यक भूमि संबंधी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब मुख्य रूप से टेंडर प्रक्रिया पूरी किया जाना शेष है। उन्होंने कहा कि मोबाइल नेटवर्क अब केवल बातचीत का माध्यम नहीं है। शिक्षा, किसानों की जानकारी, ऑनलाइन आवेदन, बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन सेवाओं के लिए भी इसकी आवश्यकता है। नेटवर्क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कई बार ऊंचे स्थानों या गांव से बाहर जाकर नेटवर्क तलाशना पड़ता है।

कलेक्टर ने जल्द कार्रवाई का दिया आश्वासन

कलेक्टर ने ज्ञापन पर सकारात्मक पहल करते हुए बीएसएनएल विभाग से समन्वय कर जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू कराने तथा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद टावर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। नीलिमा श्याम ने कहा कि दूरस्थ गांवों को डिजिटल विकास की मुख्यधारा से जोड़ना जरूरी है। 4जी टावर लगने से शिक्षा, रोजगार, बैंकिंग, सरकारी सेवाओं और आपातकालीन संचार में ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी।

डौंडीलोहारा अस्पताल परिसर में चला विशेष स्वच्छता अभियान



बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डौंडीलोहारा में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का आयोजन एसडीएम शिवनाथ बघेल की अध्यक्षता में किया गया। अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर और आसपास के क्षेत्रें में साफ–सफाई की गई। इस अवसर पर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। अभियान में संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने और अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने का संकल्प लिया। स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ भारत मिशन को मजबूत बनाना है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वच्छ एवं विकसित छग के निर्माण में सहभागी बनें।

वर्तमान के सदुपयोग से ही जीवन बनेगा सार्थक : मुनि अक्षय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

समता भवन में आयोजित धर्मसभा में शासन दीपक अक्षय मुनिजी मसा ने धर्म, आत्मचिंतन और वर्तमान समय के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने आगार और अनगार धर्म के माध्यम से जीवन को सही दिशा देने की व्यवस्था बताई है। मनुष्य को मिले अवसरों का सदुपयोग करते हुए स्वाध्याय, दान और सेवा में स्वयं को लगाना चाहिए तथा अनावश्यक विवादों से बचना चाहिए।

- समता भवन में धर्मसभा का आयोजन, स्वाध्याय, दान और सेवा को जीवन में अपनाने का दिया संदेश

मुनिश्री ने कहा कि भगवान महावीर ने श्रावकों के लिए 12 व्रत बताए हैं। जीवन में सम्यक दर्शन और सम्यक आचरण जरूरी है। केवल ज्ञान प्राप्त करना पर्याप्त नहीं, उसे जीवन में उतारना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ज्ञान मांगता है, जबकि शिष्य गुरु के मार्गदर्शन को जीवन में उतारता है, इसलिए शिष्य अनमोल होता है। उन्होंने वर्तमान को साधने पर जोर देते हुए कहा कि भूतकाल बीत चुका है और भविष्य अभी आया नहीं है, इसलिए जीवन का वास्तविक प्रयोजन वर्तमान में ही है। व्यक्ति को अनावश्यक कार्यों में उलझने के बजाय अपने उद्देश्य पर ध्यान देना चाहिए। हर इंसान अनमोल है, उसकी कीमत का आंकलन नहीं किया जा सकता। जीवन की गरिमा समझकर समय के प्रत्येक क्षण को सार्थक बनाना चाहिए और प्रमाद व आलस्य से बचना चाहिए। चातुर्मास के प्रारंभ से ही धर्म आराधना, त्याग और तपस्या का क्रम जारी है। धर्मसभा में रितेश पारख ने 7 उपवास की तपस्या का संकल्प लिया, जबकि बरखा सांखला ने आयंबिल आराधना का मासक्षमण पूर्ण किया। मुनिश्री की प्रेरणा से अब तक 1465 संवर पूर्ण होने की जानकारी दी गई।

हेपशीबा एंथोनी शिक्षा शिल्पी अवॉर्ड 2026 से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



एम.डी. एजुकेशन सोसायटी सरायपाली द्वारा कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के सहयोग से छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत राज्य स्तरीय संगोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के सभागृह में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 33 जिलों से शोध, साहित्य एवं शिक्षा जगत से जुड़े प्रबुद्धजन शामिल हुए।

इस अवसर पर शिक्षकों के व्यक्तित्व, नवाचार एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए शिक्षा शिल्पी अवॉर्ड 2026 प्रदान किए गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम ने कहा कि शिक्षकों के विशिष्ट कार्यों का चिन्हांकन कर उन्हें प्रोत्साहित करना प्रेरणादायी पहल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और समर्पण के साथ कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किए जाने से अन्य शिक्षकों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम के विचार-विमर्श को समृद्ध किया। प्रमोद देहरी भी सम्मेलन में विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में शास उच्च माध्य विद्यालय टटेंगा की व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षा शिल्पी अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान नवाचार, बोर्ड कक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम, नारी उत्थान, बालिका शिक्षा, नशामुक्ति, साक्षरता अभियान तथा जनसहयोग के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए प्रदान किया गया। हेपशीबा एंथोनी के सम्मानित होने पर डॉ. अनिल कुमार प्रधान, महेंद्र कुमार, मनोज प्रधान, डॉ. गोपा शर्मा, धर्मेंद्र सरवन, रीता श्रीवास्तव, राजेश सूर्यवंशी, वीरेंद्र साहू एवं अजय पाठक सहित शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डौंडीलोहारा क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में 9 चिकित्सकों की नियुक्ति

ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर मिलेगी चिकित्सा सुविधा

हरिभूमि न्यूज:डौंडीलोहारा



क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने और ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा द्वारा की गई पहल पर अब कार्रवाई हुई है। डौंडीलोहारा विकासखंड के स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की कमी को लेकर कुसुम शर्मा ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के समक्ष मांग रखी थी। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडीलोहारा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संजारी में कुल 9 चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों की कमी से मरीजों को होने वाली परेशानियों से स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया था। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बालोद को भी मांगपत्र सौंपकर रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग की थी। इस संबंध में 28 सितंबर को प्रकाशित रिपोर्ट में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सीएमएचओ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने और शीघ्र नियुक्ति का आश्वासन दिए जाने का उल्लेख है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडीलोहारा में डॉ. टीकम साहू, डॉ. आकांक्षा अजगल्ले, डॉ. दीक्षा धुरंधर, डॉ. अनिमेश चंद्राकर, डॉ. सौरव जागीर, डॉ. आयुष मरढ़िया, डॉ. शशांक तेलासी एवं डॉ. तुषार साहू (एनएचएम) की नियुक्ति हुई है। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संजारी में डॉ. प्रांजली ध्रुवे को पदस्थ किया गया है। चिकित्सकों की नियुक्ति से अब क्षेत्र के मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार की सुविधा मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता से ओपीडी, सामान्य उपचार सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। कुसुम शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र आम जनता के लिए चिकित्सा सुविधा का प्रमुख आधार हैं। चिकित्सकों की कमी के कारण मरीजों को कई बार उपचार के लिए दूर जाना पड़ता था। अब नए चिकित्सकों की नियुक्ति से क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। उ कुसुम शर्मा ने चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से मांग पर कार्रवाई होने से क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता पूरी हुई है। उन्होंने नवनियुक्त चिकित्सकों का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि वे पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे।

- स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष उठाई मांग पर हुई कार्रवाई, चिकित्सकों की नियुक्ति से क्षेत्र में खुशी

बाढ़ में बह गया मुक्तिधाम का रास्ता

कीचड़ में शव ले जाने को मजबूर ग्रामीण





बालोद/गुण्डरदेही। विकासखण्ड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत बिरेतरा का मुक्तिधाम पहुंच मार्ग इन दिनों पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। सेमरिया नाला में आई बाढ़ के कारण सड़क बह गई है, जिससे मार्ग पर बड़े–बड़े गड्ढे, कीचड़ और पत्थर फैल गए हैं। स्थिति ऐसी है कि इस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि पूरा मार्ग दलदल में तब्दील हो गया है। बारिश का पानी सड़क पर जमा है और मुरुम पूरी तरह बह चुका है। पूर्व सरपंच योगेश देशमुख ने बताया कि यह गांव का मुख्य मुक्तिधाम पहुंच मार्ग है। गांव में किसी की मृत्यु होने पर शव को मुक्तिधाम तक ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। परिजनों को कीचड़ और फिसलन भरे रास्ते से कंधा देकर ले जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन–प्रशासन से मांग की है कि मानवता को ध्यान में रखते हुए मुक्तिधाम पहुंच मार्ग का सीमेंटीकरण, मरम्मत कराई जाए और मुक्तिधाम के पास सेमरिया नाला पर तटबंध का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में बाढ़ से मार्ग खराब न हो। सरपंच ग्राम पंचायत बिरेतरा तारिणी योगेश देशमुख ने कहा यह मुक्तिधाम जाने का मुख्य रास्ता है, नाले में बाढ़ आने के कारण रास्ता पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस मार्ग के सीमेंटीकरण एवं मरम्मत के संबंध में शासन–प्रशासन को कई बार आवेदन दे चुके हैं। कम से कम अंतिम संस्कार वाले रास्ते को तो ठीक होना चाहिए। मैं प्रशासन से निवेदन करती हूँ कि जल्द से जल्द इसे बनवाया जाए।

रामचरित मानस महासागर है इसमें डुबकी लगाने से जीवन धन्य हो जाता है : आचार्य युवराज पांडेय



अंडा। धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति दुर्ग ग्रामीण द्वारा ग्राम बोरीगारका में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास आचार्य पं. युवराज पांडेय जी महाराज ने भक्ति के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला। महाराज जी ने कहा कि गीता में चार प्रकार के भक्त बताए गए हैं। आर्त जो दुःख में, जिज्ञासु जो सत्य को जानने के लिए, अर्थार्थी जो धन-संपत्ति के लिए और ज्ञानी जो निष्काम भाव से भगवान से प्रेम करता है। इनमें ज्ञानी भक्त सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि महाभारत में अर्जुन तो माध्यम मात्र थे, भगवान श्रीकृष्ण ने अपने परम भक्त हनुमान जी को भी गीता का दिव्य ज्ञान सुनाया। लंका में हनुमान जी ने रावण को चेताया था कि अधर्म का फल विनाश है और श्रीराम की शक्ति के आगे किसी का अहंकार नहीं टिकता। महाराज जी ने कहा कि रामचरित मानस महासागर है। मानस की हर चौपाई में कार्य सिद्धि की शक्ति है। प्रतिदिन रामायण पाठ को दिनचर्या में शामिल करें। गाड़ी में बैठते ही चौपाई का स्मरण करने से हादसा नहीं होता। अंधविश्वास में नहीं, कर्म और प्रार्थना में विश्वास रखें। इस अवसर पर कथा में प्रमुख रूप से पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू, महापौर शशि सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, कैलाश नहाटा, ओनी महिलांग, जगदीश साहू, भीषम हिरवानी, संतु मणिकपुरी, जयंती महानंद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, साहू संघ संभाग सचिव पूनम साहू, सरपंच पाऊवारा मीना यादव, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, सहित समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मंच संचालन दीपक कौशिक ने किया।

आरसेटी बालोद में जागरूकता कार्यक्रम, महिला एवं बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की दी जानकारी

30 प्रशिक्षु महिलाओं को बाल संरक्षण कानूनों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों तथा शासन की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण संस्थान सिवनी में बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (आरसेटी), बालोद में आयोजित जनरल ईडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा के आदेश एवं मार्गदर्शन तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और महिला एवं बाल संरक्षण से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 30 प्रशिक्षु महिलाओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में महिलाओं को मिशन वात्सल्य, एकीकृत बाल संरक्षण सेवाओं और बच्चों के संरक्षण से संबंधित सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो) तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रमुख प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया गया। महिलाओं को आवश्यकता के समय सहायता प्राप्त करने के लिए महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा 'सखी वन स्टॉप सेंटर' की सेवाओं के बारे में बताया गया। साथ ही विभागीय योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं से अपील की गई कि उनके आसपास बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण या बच्चों से जुड़ी किसी भी समस्या की जानकारी मिलने पर संबंधित विभाग अथवा हेल्पलाइन के माध्यम से सूचना दें, ताकि जरूरतमंद बच्चों और परिवारों को समय पर आवश्यक सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू, जिला मिशन समन्वयक मिशन शक्ति डॉ. एस. कुमार, अखिलेश डहरे, नूतन साहू सहित प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित रहीं।

पेज 11 के शेष

एक दिन, एक घंटा, ...

लिए जिले को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया था। वहीं 'जे.एस.जी.बी. 2.0' में जिले ने देश के शीर्ष 10 जिलों में अपना स्थान बनाया था। इस वृहद अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम में जिला पंचायत बालोद के उपाध्यक्ष तोमन साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, राकेश छोटू यादव, जिला पंचायत के सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के वॉलिंटियर्स, स्काउट–गाइड्स, स्कूली छात्र–छात्रएं एवं बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

व्यवस्थाओं का ...

न्यायिक अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वृद्धजनों की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाएगा तथा उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्यकर्मी भी उपस्थित रहे। स्वास्थ्यकर्मियों ने वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदना एवं जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। इस अवसर ने यह संदेश दिया कि वृद्धजनों की सेवा और सम्मान केवल एक सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने वृद्धजनों के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। उक्त कार्यक्रम में पैरालीगल वालिंटियर्स की भी सहभागिता रही।

खबर संक्षेप



सेवा संकल्प अभियान में हथौद में बुजुर्गों का सम्मान

बालोद/देवरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत हथौद में बुजुर्गों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बुजुर्गो के द्वारा पंचायत भवन में नारियल का पेड़ लगाकर ग्राम में खुशहाली का आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच पुष्प प्रताप बघेल एवं पंचों की सहभागिता से ग्रामीणों ने भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पौधों की रक्षा व देखभाल करने का संकल्प लिया।

मासिक बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा



गुरूर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर के अध्यक्ष किशोर साहू के निर्देशानुसार फागुनदाह सेक्टर उसरवारा, पेरपार की मासिक बैठक मंडल प्रभारी जितेंद्र यादव की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें स्मार्ट मीटर के विरोध में भराए जा रहे फार्मों की जानकारी एवं कार्योंर् की समीक्षा के साथ सेवा सहकारी समिति के निगरानी में नए सदस्यों की नियुक्ति के संबंध में चर्चा की गई।बैठक में संगठन की मजबूती, एकता एवं वर्तमान सरकार की जन–विरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाने एवं संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए रणनीति तैयार करने के संबंध में व्यापक चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से मंडल प्रभारी जितेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष हेमप्रकाश साहू, सेक्टर अध्यक्ष कौशल साहू, युवराज साहू, चंद्रशेखर साहू, त्रिभुवन गजपाल, दशरथ निर्मलकर, योगेश्वर पटेल, मिथलेश साहू, फूलसिंह साहू, सत्यवान साहू, लखन लाल, इंद्रजीत पटेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आयोजन : 20 बुजुर्गों का सम्मान, हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ; छह महिला स्व-सहायता समूहों को मिला 16 लाख रुपए का ऋण

मोखा में सेवा सेतु शिविर में 162 आवेदन, 21 का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर





सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत विकासखण्ड गुरूर में सेवा सेतु शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत मोखा में किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छग शासन द्वारा सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक "सेवा संकल्प अभियान आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विकासखंड गुरूर के ग्राम पंचायत मोखा में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नागरिकों द्वारा आवेदन प्राप्त किये मोखा कलस्टर में 23 सितंबर से 27 सितंबर तक कलस्टर अंतर्गत आने वाले संबंधित पंचायतों से आवेदन प्राप्त किये गए जिसमें कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए, शिविर में कुल 141 आवेदन प्राप्त हुए, मोखा कलस्टर अंतर्गत कुल 162 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 21 आवेदनों का शतप्रतिशत निराकरण किया जा चुका है एवं शेष 141 आवेदन का निराकरण समय सीमा में जल्द ही कर लिया जावेगा। शिविर में 20 वृध्दजनों का सम्मान कर विभिन्न योजनओं से संबंधित हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया जिसमें से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 05 हितग्रहियों को गोद भराई एवं 02 हितग्राही को अन्न प्रासन कराया गया, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 03 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड एवं 01 हितग्राही को निक्षय पोषण किट वितरण किया गया तथा जलकर संग्रहण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत मिर्रीटोला को उत्कृष्ट पंचायत प्रमाण पत्र प्रदाय किया, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 06 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदाय किया एवं बिहान अंतर्गत 06 महिला स्व–सहायत समूहों को 16 लाख का ऋण बैंक ऑफ बडौदा गुरूर द्वारा चेक का वितरण किया, मत्स्य विभाग द्वारा 01 मछुआ समूह को जाल वितरण किया। सेवा सेतु शिविर कार्यक्रम में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, लक्ष्मी अशोक साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानन्द साहू, मंडल अध्यक्ष गुरूर आनंद शर्मा, सुभद्रा ईशाप्रकाश साहू, संध्या अजेन्द्र साहू, गुलाब राम सिन्हा, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीएल. धुरर्वे, हेमंत पैकरा, तहसीलदार गुरूर एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनके. बागड़े एवं आरएल. सिरमौर, संबंधित कलस्टर में आने 37 ग्राम पंचायतों के सरपंचगण के साथ साथ विकासखण्ड स्तर के अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

विकसित भारत–जी रामजी के अधिकारी–कर्मचारी, ग्राम रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग की मितानिन, स्वच्छ भारत मिशन की स्वच्छता दीदी, बिहान योजना से जुड़ी स्व–सहायता समूह की दीदियां, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे है। एवं इस शिविर में स्थानीय स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता



डौंडीलोहारा। संजयनगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्रसिंह टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, एल्डरमैन जीवराखन कौमार्य, धीरेन्द्र टांक, लता गुप्ता, शाला विकास समिति अध्यक्ष तुलसीराम सारंगपुरे, सदस्य दूज बाई भारद्वाज, एमएल सिन्हा, डीआर केकती, संस्था प्रमुख वीरेंद्र कुमार भंडारी एवं बीआरसी दिनेश मालेकर सहित उपस्थित अतिथियों ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पूजन-अर्चन कर किया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सेवा संकल्प अभियान की जानकारी दी। विकासखंड कार्यक्रम प्रमुख डुप्ले साहू ने प्रतियोगिता की रूपरेखा एवं नियमावली से प्रतिभागियों को अवगत कराया। मुख्य अतिथि लाल निवेंद्रसिंह टेकाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा कार्यों के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान तथा 'मेरे सपनों का भारत-विजन 2047' विषय पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि धीरेन्द्र टांक ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। भाषण प्रतियोगिता में चेष्टा डोंगरे, बालक डौंडीलोहारा ने प्रथम, मधु खेरथाबाजार ने द्वितीय, नंदनी, सेजेस दूधली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रूहानी बड़गांव एवं रागिनी भीमकन्हार संयुक्त रूप से चतुर्थ तथा रोशनी सिन्हा, सेजेस सुरेगांव ने पंचम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में यामिनी, खेरथाबाजार प्रथम, गौरव सिंह गौर, सेजेस सुरेगांव द्वितीय, मिताली जेवरतला तृतीय, शालिनी, बालक डौंडीलोहारा एवं यामिनी कोबा संयुक्त रूप से चतुर्थ, ममता रानीतराई पंचम, दीक्षा साहू, सेजेस देवरी षष्ठम, निविशा जैन, आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा सप्तम, दिव्यांश पटेल, सेजेस डौंडीलोहारा अष्टम तथा टीकेश्वरी खोलझर ने नवम स्थान प्राप्त किया। चयनित प्रतिभागी 3 अक्टूबर को होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक डीआर केकती, एमएल सिन्हा, व्याख्याता डीआर साहू, छाया नंदा, त्रिलोक साहू एवं होमप्रिया श्रीवास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। व्याख्याता एनुका शार्वा ने जिला स्तर के लिए चयनित प्रतिभागियों को भाषण एवं चित्रकला की बारीकियों की जानकारी दी। सभी चयनित विद्यार्थियों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बधाई देते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हेमंत साहू ने किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य वीरेंद्र कुमार भंडारी ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता संगीता वैदे, पुष्पा कटेंद्र, लवण साहू, कपिल पटेल, सूर्योदय मानिकपुरी, डोमेंद्र साहसी, लोकेश्वरी साहू, पायल सुधाकर, सुरेखा साहू, संगीता पटेल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

धमना में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम, महिलाओं को योजनाओं की दी जानकारी





जामगांव आर। ग्राम धमना जांमगांव आर में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम धमना के ग्राम पंचायत में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लि पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू थी। कल्पना नारद साहू ने महिलाओं एवं ग्रामीणों को महतारी वंदन योजना, बाल संदर्भ योजना, सक्षम स्वावलंबन, सुकन्या समृद्धि योजना सहित महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। यशोदा टोनडे ने महिलाओं एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य देखभाल एवं पोषण के महत्व के संबंध में जानकारी दी। सशक्तिकरण तथा बच्चों के बेहतर पालन–पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना की हितग्राही कुसुम साहू ने योजना से मिले लाभ का अनुभव साझा करते हुए बताया कि योजना के तहत प्राप्त राशि का उपयोग वह अपने बच्चे के बेहतर खान–पान एवं पोषण के लिए कर रही हैं। कार्यक्रम में सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, चंद्रमुखी साहू, यशोदा टोनडे, कुसुम साहू, पूर्व सरपंच उषा महलवार, कौशल्या महलवार, हेमा साहू, सरस्वती यादवर, ललिता साहू, लता साहू सहित समस्त हितग्राही महिलाएं उपस्थित थे।

सेवा सेतु शिविर में 43 हितग्राहियों



गुण्डरदेही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुण्डरदेही के जनपद रोड स्थित सामुदायिक भवन में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई श्रम विभाग, नगर पंचायत, खाद्य विभाग एवं लोक निर्माण विभाग पी डब्ल्यू डी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया गया।

सेवा सेतु शिविर के दौरान नगर पंचायत द्वारा 43 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 35 नवीन डीपीआर तैयार कर शासन को प्रेषित किए गए तथा 35 पूर्ण आवासों के पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत द्वारा 17 एनओसी जारी किए गए। श्रम विभाग के माध्यम से नगर पंचायत की समस्त स्वच्छता दीदियों का श्रम पंजीयन कराया गया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर के 3 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर में स्वच्छता महाअभियान भी चलाया गया। धमतरी चौक से जनपद रोड स्थित सामुदायिक भवन, जनपद कार्यालय होते हुए अस्पताल तक साफ–सफाई की गई। अभियान के माध्यम से नागरिकों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, कचरा इधर–उधर न फेंकने तथा स्वच्छ एवं सुंदर नगर के निर्माण में सहभागी बनने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष विजय सोनकर, सीएमओ कोमल ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, संतोष नेताम, हेमंत सोनकर, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, सेवक महिपाल, रोमलाल यादव, एल्डरमैन गोकुल निषाद, चेतन सोनकर, छगन सोनकर सहित सभी विभागों के एवं नगर पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रमोद जैन ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आम नागरिकों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना तथा जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करना है।

गातापार कर्मा में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर



आंगनबाड़ी केंद्र गातापार कर्मा भवन में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशाओं का सम्मान और पोषण पर चर्चा किया गया।

- पांच गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई, पांच बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद एवं जनपद सदस्य पाटन अजय कुमार साहू, ग्राम पंचायत सरपंच रेवाराम साहू एवं महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी छाया वर्मा, सेक्टर सुपरवाइजर उर्वशी देशलहरे, पंचगण पवन कुमार साहू, टामेश्वरी साहू, कौशल्या साहू, संतोषी यादव, पम्मी साहू और सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता साहू, सुनीता मिथलेश, सत्यभामा कौशिक, झनिता मंडावी, सहायिका नुनेश्वरी साहू, तामेश्वरी साहू, बेना सभी मितानिन सेवती साहू, रत्ना साहू, गया साहू एवं प्राथमिक शाला के शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम में पांच गर्भवती महिलाओं का गोद भराई और पांच बच्चों का अन्नप्राशन हुआ। चार बच्चों का स्वास्थ, बच्चों का सम्मान किया गया और साथ ही सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहनों को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद ने पोषण स्वास्थ्य के बारे अपने विचार रखे। परियोजना अधिकारी महिलाओं को इस योजना के बारे में बताया और पोषण के बारे में विस्तार पूर्वक महिलाओं से चर्चा किया।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शामिल होंगे 3560 विद्यार्थी

डौंडीलोहारा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 3 अक्टूबर शनिवार को डौंडीलोहारा ब्लॉक में किया जाएगा। परीक्षा सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी।

परीक्षा में कक्षा पांचवीं से महाविद्यालय स्तर तक के कुल 3560 विद्यार्थी शामिल होंगे।भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के डौंडीलोहारा ब्लॉक प्रमुख विशम्भर सिंह बगमरिया ने बताया कि परीक्षा कक्षा पांचवीं से महाविद्यालय स्तर तक कुल नौ वर्गों में आयोजित की जाती है। इस वर्ष कक्षा पांचवीं में 549, छठवीं में 555, सातवीं में 528, आठवीं में 527, नौवीं में 398, दसवीं में 312, ग्यारहवीं में 229, बारहवीं में 270 तथा महाविद्यालय स्तर पर 174 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है।

इस प्रकार कुल 3560 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से होगी। वहीं ब्लॉक स्तरीय नौ वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन में सहायक प्रभारी दुष्यंत कोलियारे, भोला राम साहू, पीलुराम साहू, विरेंद्र कुमार बघेल, मिनेश कुमार देशमुख, कैलाशनाथ साहू, तेजेश्वरी कंवर, ओमप्रकाश केशरा, गिरीश निर्मोही, विदेश चौहान, मिलन सिन्हा, प्रज्ञानंद बगमरिया, याद राम साहू, तुलसी साहू, पुरानिक लाल सोरी एवं शिवेंद्र झारिया सहित गायत्री परिवार के कार्यकर्ता, शिक्षक एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक भूमिका निभा रहे हैं।

ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण एवं गांधी जयंती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

वी.बी.जी. राम जी ब्लॉक मनरेगा मेट संघ डौंडीलोहारा के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण एवं गांधी जयंती समारोह का आयोजन 2 अक्टूबर शुक्रवार को किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत कोरगुड़ा के सामने मंगल भवन परिसर में किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में ब्लॉक क्षेत्र के मनरेगा मेटों को आवश्यक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा।

- ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण एवं गांधी जयंती का आयोजन 2 अक्टूबर को

इसके साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे गांधी जी की प्रतिमा एवं तैलचित्र की पूजा-अर्चना से होगी। इसके बाद सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम होगा। दोपहर 1.30 बजे से 3 बजे तक पदाधिकारियों द्वारा महासम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया जाएगा।

दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक आभार प्रदर्शन एवं समापन कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत कोरगुड़ा सरपंच लक्ष्मी नारायण देवांगन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक मनरेगा मेट संघ डौंडीलोहारा के अध्यक्ष भूषण बासुरिया करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में कोरगुड़ा के उपसरपंच विजय कुमार यादव, ग्राम प्रमुख सुमेन्द्र कुमार देशमुख, सचिव गोविंद साहू, रोजगार सहायक भूपेन्द्र कुमार देवांगन, पूर्व उपसरपंच करण सिंह देशमुख, पूर्व पंच तुका राम पटेल, पूर्व पंच कुलेश्वरी देवांगन, पूर्व ग्राम पंच नेमलाल पटेल, पूर्व पंच डगर देशमुख, पूर्व ग्राम सचिव लक्ष्मीनारायण देशमुख, भा.मा.वाहिनी अध्यक्ष हीना देवांगन तथा महिला कमांडो अध्यक्ष तिजिया पटेल सहित अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे।

वहीं कार्यक्रम में प्रदेश संचालक मनरेगा मेट संघ छत्तीसगढ़ कीर्तन देवांगन, संरक्षक ब्लॉक मनरेगा मेट संघ डौंडीलोहारा विष्णु कोठारी, अध्यक्ष संभाग मनरेगा मेट संघ दुर्ग धनेश्वरी साहू, जिला मनरेगा मेट संघ बालोद अध्यक्ष खिलावन साहू, उपाध्यक्ष तीरथ राम साहू, सचिव प्रीतम साहू, ब्लॉक मनरेगा मेट संघ गुंडरदेही अध्यक्ष नीता साहू, ब्लॉक मनरेगा मेट संघ गुरुर अध्यक्ष तामेश्वर साहू सहित पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के मनरेगा मेटों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

न्यायालय तहसीलदार, डौण्डी जिला-बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.... अ-21 वर्ष 2025-26
ग्राम- डौण्डी, प.ह.नं. 24, तहसील डौण्डी
क्रमांक/1658/प्र./ तह. / 2026
डौण्डी, दिनांक 30/09/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कार्यालय कलेक्टर बालोद जिला बालोद (छ.ग.) के ज्ञापन क्रमांक / 463 / प्र. कले. / 2026 बालोद दिनांक 21.09.2026 के अनुसार आवेदक दिनेश अग्रवाल पिता बाबूलाल अग्रवाल जाति पंजाबी निवासी ग्राम डौण्डी तहसील डौण्डी जिला बालोद छ. ग. द्वारा ग्राम डौण्डी स्थित आबादी भूमि खसरा नंबर 1043/143 रकबा 3840 वर्गफिट भूमि आवेदक के माता सावित्री पति बाबूलाल के नाम पर दर्ज है। जिनका मृत्यु दिनांक 28.02.2025 को हो गया है। उक्त भूमि पर आवेदक काबिज काश्त कर रहा है। जो कि वर्तमान में व्यवसाय करने हेतु रूपयो की आवश्यकता होने से चोला मंडल इनवेस्टमेंट एंड फायनेस कंपनी दल्लीराजहरा से आवेदक की पत्नी रीता अग्रवाल पति दिनेश अग्रवाल के नाम पर लोन लेना चाहते है, जिसके लिए उक्त आबादी भूमि को दानपत्र के माध्यम से पत्नी रीता अग्रवाल पति दिनेश अग्रवाल के नाम पर रजिस्ट्री कराने हेतु अनुमती प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा / आपत्ति हो तो वह अपना लिखित दावा / आपत्ति दिनांक 14/10/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 30/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
डौण्डी











खबर संक्षेप



भेजामैदानी में 600 सौ पौधों का रोपण किया गया

गुरूर। ग्राम भेजामैदानी में राधा रानी समूह द्वारा 600 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें समिति की अध्यक्ष कलिता साहू, चंद्रिका, तिजई, गिलेश्वरी, ललिता, सुशीला, संतोश के द्वारा पौधारोपण किया गया।

गुरूर में आज मनाया जाएगा विश्व अहिंसा दिवस

गुरूर। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर द्वारा प्रातः 11 बजे बस स्टैंड गुरूर में विश्व अहिंसा दिवस के रूप मनाया जाएगा। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर के समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयू आई, सेवादल, आदिवासी कांग्रेस, अनुसूचित जाति विभाग, किसान कांग्रेस, पंचायती राज के निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, ब्लॉक में निवासरत जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, पूर्व प्राधिकृत अधिकारी एवं समस्त प्रकोष्ठ विभाग के पदाधिकारी कार्यकर्ता और कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

बीएसपी से कॉपर पार करने वाले पकड़े गए

भिलाई। बीएसपी में प्रवेश कर कॉपर केबल चोरी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि आरोपियों से 60 किलोग्राम और 40 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर केबल चोरी कर ले जाते समय सीआईएसएफ ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। आरोपियों से दुर्गेश जोशी स्टेशन मरोदा, यादव पारा बस्ती-21 निवासी दुर्गेश जोशी, मरोदा, बजरंग पारा अजय सोनवाने, बाघ पारा, जोरातराई उतई जोसेफ बाघ, खप्पड़वाड़ा, जिला बालोद हितेष कुमार देशमुख और अपचारी बालक को पकड़ा गया है। इनके पास से पुलिस ने स्क्रैब कॉपर केबल 100 किलोग्राम, जिसकी कीमत 96 हजार 100 रुपये, बाइक सीजी 07 बीपी 5037 जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। वहीं एक अपचारी बालक को किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने दोनों प्रकरणों में भिलाई भट्ठी पुलिस द्वारा जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरु किया।

मशीनरी लोहा पार करने वाले दो गिरफ्तार

भिलाई। फेंड्स इंजीनियरिंग फैक्ट्री में मशीनरी लोहा पार करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। युवकों के पास से पुलिस ने 30 हजार रुपए का सामान जब्त किया। जामुल पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड भिलाई रतन दास गुप्ता ने शिकायत किया कि उनके फ्रेंड्स इंजीनियरिंग फैक्ट्री में मशीनरी सामान, नट-बोल्ट, टूल होल्डर, लोहे की प्लेट, लोहे का रावत समेत करीब 5 क्विंटल लोहे का सामान पार की गई। पुलिस जांच के दौरान मुखबिर ने सूचना दिया कि संदेही शारदा पारा छावनी निवासी सरवन साव उर्फ श्रवण साव, सूरज साव को पकड़ा गया।

अवैध गांजा रखने वाली महिला पकड़ी गई

भिलाई। अवैध रूप से गांजा का कारोबार कर रही एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के पास से पुलिस ने 1.365 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि अहिवारा-बेरला कुम्हारी बाईपास रोड के पास टीम ने वार्ड 1, अहिवारा, नंदिनी नगर निवासी लक्ष्मी बाई सोनी द्वारा अवैध रूप से गांजा बेचते हुए पकड़ा। उसके पास से अवैध रूप से गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 68,600 रुपये आंकी गई। महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। महिला को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

मांग : खेल सुविधाओं के विस्तार का विरोध नहीं, पूर्व निर्धारित स्थल पर निर्माण कराने की मांग

सरदार पटेल मैदान में क्रिकेट बॉक्स निर्माण का विरोध भाजपा पार्षद दल ने संयुक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



नगर के हृदय स्थल सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान के मध्य में नगर पालिका परिषद द्वारा प्रस्तावित क्रिकेट बॉक्स के निर्माण के विरोध में भाजपा पार्षद दल एवं एल्डरमेनों ने संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। पार्षदो ने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद नगर की शान और एक ऐतिहासिक धरोहर है। इस मैदान में सेवा संकल्प अभियान में हथौद में बुजुर्गों का सम्मान से दशहरा, रामलीला, राजनीतिक सभाएं, खेलकूद प्रतियोगिताएं एवं विभिन्न राजनीतिक सामाजिक–धार्मिक आयोजन होते आ रहे हैं।

नगरपालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक में क्रिकेट बॉक्स के निर्माण के लिए जिस स्थान का चयन किया गया था, अब अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से उसका स्थल परिवर्तन कर मैदान में निर्माण किया जा रहा है, जिससे मैदान का स्वरूप पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। क्रिकेट बॉक्स का निर्माण मैदान में होने से भविष्य में किसी भी बड़े आयोजन के लिए यह मैदान अनुपयोगी हो जाएगा। नगर के पास इसके अलावा दूसरा कोई इतना बड़ा रिक्त स्थल नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट कहा कि हम खेल सुविधाओं के विस्तार के विरोधी नहीं हैं, बल्कि हम चाहते हैं कि क्रिकेट बॉक्स का निर्माण परिषद की बैठक में पूर्व में निर्धारित स्थल पर ही किया जाए, न कि सरदार पटेल मैदान स्थल पर।इस अवसर पर भाजपा पार्षद एवं सभापति प्रीतम यादव, पार्षद गोमती रात्रे, गोकुल ठाकुर, श्यामा कुलेश यादव, सुनीता मनहर, दीपक लोढ़ा, आशा पटेल, एल्डरमैन नितेश वर्मा, संतोष कौशिक, रविप्रकाश पाण्डेय, पूर्व एल्डरमैन विनोद जैन, आशुतोष कौशिक, अभिन्न यादव सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित थे।

सरदार पटेल मैदान में क्रिकेट बॉक्स निर्माण पर कांग्रेस पार्षदों ने जताई आपत्ति



बालोद। नगर पालिका परिषद बालोद के अंतर्गत नगर के हृदय स्थल स्थित सरदार पटेल मैदान में प्रस्तावित क्रिकेट बॉक्स निर्माण को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा के नेतृत्व में आपत्ति दर्ज कराई। पार्षदों ने इस संबंध में

- पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा के नेतृत्व में सीएमओ को सौंपा पत्र, वैकल्पिक स्थल तलाशने की मांग

नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को पत्र सौंपकर प्रस्तावित स्थल पर पुनर्विचार करने की मांग की है।कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि सरदार पटेल मैदान बालोद शहर का महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक मैदान है। यहां समय–समय पर सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, खेलकूद सहित विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। ऐसे में मैदान के एक हिस्से में स्थायी क्रिकेट बॉक्स का निर्माण होने से भविष्य में अन्य गतिविधियों एवं बड़े आयोजनों के संचालन में परेशानी उत्पन्न होने की आशंका है। पार्षदों ने कहा कि नगर में खेल सुविधाओं के विस्तार की दृष्टि से क्रिकेट बॉक्स का निर्माण उपयोगी पहल है, लेकिन इसके लिए ऐसा स्थान चुना जाना चाहिए, जिससे शहर के प्रमुख आयोजनों और मैदान के व्यापक उपयोग पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। बताया गया कि नगर पालिका परिषद की बैठक में क्रिकेट बॉक्स निर्माण के लिए स्थल चयन पर चर्चा के दौरान सरदार पटेल मैदान का स्थान प्रस्तावित किया गया था। इसके बाद पार्षदों ने इस स्थल को लेकर आपत्ति दर्ज कराते हुए मांग की है कि मैदान के मूल स्वरूप और उपयोग को प्रभावित किए बिना किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर क्रिकेट बॉक्स का निर्माण कराया जाए। कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि खेल सुविधाओं का विकास जरूरी है, लेकिन इसके साथ शहर के सार्वजनिक स्थलों के बहुउपयोग और भविष्य की आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। इसी उद्देश्य से क्रिकेट बॉक्स के लिए वैकल्पिक स्थल तलाशने की मांग की गई है। इस संबंध में चर्चा एवं आपत्ति दर्ज कराने के दौरान पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, शहर अध्यक्ष अचल प्रकाश साहू, विधायक प्रतिनिधि धीरज उपाध्याय एवं कमलेश श्रीवास्तव, सुमित शर्मा, बदरुद्दीन कुरैशी विनोद क्षमता सहित अन्य उपस्थित थे।

खोरदों में आज से 4 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम विकास समिति खोरदों द्वारा छ.ग. राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 02 अक्टूबर को ग्राम खोरदों गुरूर में किया गया है। जिसका समापन 04 अक्टूबर को होगा। कार्यक्रम के शुरूआत 02 अक्टूबर को दीप प्रज्जवलन के साथ प्रातः 10 होगा जिसमें मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू करेगे तथा अतिथि सभापति स्वास्थ्य एवं महिला बात विकास विभाग जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत अकलवारा उत्तरा प्रकाश मरकाम, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अकलवारा लक्ष्मी गंगबेर,सरपंच ग्राम पंचायत खुंदनी विशाल दीवान,सरपंच ग्राम पंचायत परसुली विद्याधर ठाकुर, सरंपच ग्राम पंचायत सरबदा प्रीत साहू, उपसरपंच सेवक राम साहम, सब्जी मार्केट अध्यक्ष धमतरी कैलाश यादव, झलेन्द्र सिन्हा, मोती देवांगन, एकाराम साहू, मिथलेश साहू, सेना निवृत्ति शिक्षक देवल सिंह साहू, पी.आर. साहू, सेना निवृत्ति बैंक मैनेजर पी.आ. सोनबेर तथा ग्राम पटेल भुने"वर साहू उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार 3500 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2500 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 2000 रूपये तथा पंचत पुरस्कार 1500 रूपये रखा गया है। कार्यक्रम की समापन समारोह 04 अक्टूबर को शाम 5 बजे रखा गया है, जिसमें मुख्य अतिथि सांसद कांकेर लोकसभा क्षेत्र भोजराज नाग रहेंगे। अध्यक्षता पूर्व विद्यायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा धमतरी रंजना साहू करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू उपस्थित रहेंगे। अतिथि अध्यक्ष भाजपा मंडल चारामा ओमप्रकाश साहू,अध्यक्ष भाजपा मंडल पुरूर टुके"वर पाण्डे,, सभापति स्वास्थ्य एवं महिला एवं महिला बाल विकास विभाग जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत अकलवारा उत्तरा प्रकाश मरकाम, पूर्व सरपंच ग्राम पांचायत अकलवारा लक्ष्मी गंगबेर तथा अध्यक्ष ग्रामीण साहू समजा अकलवारा प्रहलाद साहू उपस्थि होंगे।

- समापन समारोह में सांसद भोजराज नाग होंगे शामिल

जिसमे अध्यक्ष ग्राम विकास समिति हेमनाथ साहू, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति गौकरण सोनबेर, सचिव ग्राम विकास समिति सोमेश गुरूवानी, कोशाध्यक्ष ग्राम विकास समिति तामे"वर साहू, ग्राम पटेल भुनेश्वर साहू, संरक्षक गंगाधर साहू, पंचराम साहू, दुर्गाप्रसाद गुरूवानी, रघुनाथ साहू, सलाहकार रेखु गुरूवानी, नकुल साहू, प्रहलाद साहू, आनंद सोनबेर, केजुराम, हेमलाल साहू व कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार, मोगेन्द्र कुमार, मेघनाथ साहू, हीरालाल साहू, विष्णुराम साहू, मोहित कुमार, रेखराम साहू, किशन लाल साहू, पुनमचंद साहू, हेमलाल गुरूवानी, सुकदेव गुरूवानी, खम्हन साहू, धर्मेन्द्र गंगबेर, उमेश्वर गुरूवानी, नेमसिंह, बेनुराम गुरूवानी, महेश्वर गुरूवानी, अंगे"वर गुरूवानी, झगेन्द्र गुरूवानी, नवीन कुमार, योगेश्वर साहू, टिकेश्वर उपस्थित रहेंगे। जिसमे मंच संचालक धर्मेन्द्र गंगबेर, डीके मंडावी, बेनूराम गुरूवानी है। निर्णायक मदन सोनबेर, भागबली, सुकदेव गुरूवानी, नेमसिंह साहू है।

117 ग्राम पंचायतों के लिए विकसित ग्राम पंचायत प्लान प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



विकसित ग्राम पंचायत योजना हेतु ग्राम के विकास के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया। विकसित भारत जी–राम–जी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2027–28 के लिए विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत गुण्डरदेही में एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यशाला में जनपद पंचायत क्षेत्र की सभी 117 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों ने सहभागिता दी।

- युक्तधारा मैपिंग से विकास कार्यों की पहचान, ग्राम सभा की भागीदारी और पारदर्शिता पर जोर

कार्यशाला का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय आवश्यकताओं, उपलब्ध प्राकृतिक एवं अन्य संसाधनों तथा ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं के अनुरूप सहभागी एवं प्रभावी पंचायत विकास योजना तैयार करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की कार्य योजना तैयार करने, जल बजट, उपलब्ध संसाधनों के आकलन तथा ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से योजनाओं को व्यवस्थित रूप से तैयार करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करते समय रोजगार सृजन, आजीविका संवर्धन, जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन तथा स्थायी परिसंपायों के निर्माण को प्राथमिकता दी जानी है। ग्राम पंचायत स्तर पर श्रममूलक कार्यों का चयन इस प्रकार किया जाए कि कार्य की मांग करने वाले परिवारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उो सके और साथ ही ऐसे परिसंपत्तियों का निर्माण हो, जिनका ग्रामीणों को दीर्घकालीन लाभ मिल सके।

कार्यशाला में युक्तधारा मैपिंग के माध्यम से ग्राम पंचायत क्षेत्र की स्थानीय आवश्यकताओं एवं संभावित विकास कार्यों की पहचान करने तथा उन्हें ग्राम पंचायत प्लान में शामिल करने की प्रक्रिया समझाई गई। उपलब्ध संसाधनों का आकलन, आवश्यकताओं के आधार पर कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करना तथा निर्धारित समय–सीमा के अनुसार कार्यों की योजना तैयार करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रतिज्ञा चन्द्राकर ने ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने में ग्राम सभा की सक्रिय भागीदारी एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय जरूरतों और उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखकर तैयार की गई सहभागी योजना से विकास कार्यों का बेहतर चयन एवं प्रभावी क्रियान्वयन संभव होगा। उन्होंने कहा कि योजना निर्माण में ग्राम पंचायत स्तर पर वास्तविक आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने से रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रें में टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण भी किया जा सकेगा।

कार्यशाला में ग्राम पंचायतों में उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग, विभिन्न योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से विकास कार्यों को गति देने तथा ग्रामीण क्षेत्रें में स्थायी एवं उपयोगी परिसंपत्तियों के निर्माण पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को योजना निर्माण की प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्रोग्रामर, तकनीकी सहायक सहित जनपद पंचायत गुण्डरदेही क्षेत्र की 117 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

जन्मदिन पर बच्चों को स्कूल बैग और पेन बांटे

जामगांव आर। शासकीय प्राथमिक शाला उमरपोटी के 42बच्चों को नवीन शिक्षक संघ छग के प्रदेश सचिव गिरीश साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर 42 बच्चों को स्कूल बैग तथा सभी बच्चों को पेन प्रति छात्र 5 नग का वितरण किया गया। इस अवसर पर तेश्वरी साहू, कान्हा साहू, प्रधान पाठक बीआर निषाद, पुनारद साहू, शिक्षक राघवेन्द्र कुमार धुरव, अतिथि शिक्षिका टिकेश्वरी साहू, शाला के शिक्षक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



शिक्षिका ने 90 बच्चों को कराया न्योता भोज



डौंडीलोहारा। पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में शिक्षिका श्रीमती सुनीता साहू के जन्मदिन के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत न्यौता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के करीब 90 छात्र-छात्राओं को स्वादिष्ट भोजन कराया गया। शिक्षिका सुनीता साहू के जन्मदिन पर आयोजित इस आत्मीय पहल से विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। विद्यार्थियों को पूरी एवं खीर परोसी गई। बच्चों ने उत्साह के साथ भोजन का आनंद लिया। शिक्षकों ने बताया कि न्यौता भोज का उद्देश्य बच्चों को अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने के साथ विद्यालय और समाज के बीच आत्मीय संबंधों को मजबूत करना है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में समानता, सहयोग, सहभागिता और भाईचारे की भावना भी विकसित होती है। इस अवसर पर शिक्षक अनिल दिल्लीवार ने विद्यालय परिवार की ओर से सुनीता साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसर को बच्चों के साथ साझा करना सराहनीय पहल है। इससे बच्चों के साथ अपनापन बढ़ता है और सामाजिक सहभागिता की भावना को भी प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम में शिक्षक अनिल दिल्लीवार, बसंती पीकेश्वर, राबिन नागवंशी, जितेंद्र साहू, दिव्या भारती साहू, स्नेहा धनगुण सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने सुनीता साहू को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए न्यौता भोज के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मितानिन का हुआ सम्मान

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम, महिलाओं ने लिया खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम कुर्दी में सेवा संकल्प अभियान एवं अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव, सरपंच संजय साहू उपस्थित रहे एवं ग्राम के सरपंच पूनम साहू, भाजपा सदस्य पोमिन बाई साहू अन्य पंच परियोजना अधिकारी ख़लेश्वरी नेताम, पर्यवेक्षक स्मृति सिंह एवं नेहा सिंह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से हुई इसके पश्चात सरस्वती माता सरस्वती वंदना एव एवं दीप प्रज्वलन किया गया। सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि नीतीश मोंटी यादव द्वारा आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम एवं सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत उद्बोधित करते हुए इस विषय पर महतारी संवाद किया गया एवं उनके द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर बात की गई आंगनबाड़ी केंद्र में स्थानीय जन सहयोग करने वाले बच्चों को न्योता भोज एवं खिलौना दान कराने वाले तथा उत्कृष्ट आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं मितानिन का शॉल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। महिलाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया एवं स्वस्थ शिशु एवं सुपोषित माता को भी पुरस्कृत किया गया। घर–घर मूंगा हर घर मूंगा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र के अंदर मूंगे का पौधा रोपण किया गया। बच्चों को न्योता भोज कराया गया एवं सभी अतिथियों को भोजन कराया गया तथा इसके पश्चात सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की गई।

- स्वस्थ शिशु और सुपोषित माता पुरस्कृत

